अच्छी चिकित्सा के मापदण्ड

(Parameters of Good Therapy)

जो चिकित्सा शरीर को स्वस्थ, शक्तिशाली, ताकतवर, रोगमुक्त बनाने के साथ-साथ मन को संयमित, नियन्त्रित, अनुशासित और आत्मा को निर्विकारी, पवित्र एवं शुद्ध बनाती है, वे ही चिकित्सा पद्धतियाँ स्थायी, प्रभावशाली एवं सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धतियाँ होती है।

अच्छी चिकित्सा पद्धति के लिए आवश्यक होता है, रोग के मूल कारणों का सही निदान, तुरन्त दुष्प्रभावों से रहित स्थायी उपचार। जो पद्धति सहज, सरल, सस्ती, स्वावलंबी एवं अहिंसक होने के साथ-साथ, शरीर, मन, वाणी, भाव और आत्मा के विकारों को कम करने में सक्षम हो, जिन चिकित्सा पद्धतियों में करणीय-अकरणीय, भक्ष्य-अभक्ष्य, अहिंसा-हिंसा, न्याय-अन्याय, वर्जित-अवर्जित का विवेक हो, वे ही चिकित्सा पद्धतियाँ अपने आपको वैज्ञानिक एवं सर्व श्रेष्ठ होने का दावा कर सकती है।